Roll No. ....

E–3194

B. A. (Part II) EXAMINATION, 2021

(New Course)

HINDI LITERATURE

Paper Second

(हिन्दी निबन्ध तथा अन्य गद्य विधाएँ)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 21

(क) तो अच्छा ! ऐसी नगरी में रहना उचित नहीं है जहाँ टके सेर भाजी और टके सेर ही खाजा हो।

दोहा

"सेते सेत सब एक से जहाँ कपूर कपास।
ऐसे देश कुदेश में, कबहु न कीजै वास।"

अथवा

"दण्ड कोप का ही एक विधान है। राजदण्ड राजकोप है और लोककोप धर्मकोप है। जहाँ राजकोप धर्मकोप से एकदम भिन्न दिखाई पड़े, वहाँ उसे राजकोप न समझकर कुछ विशेष मनुष्यों का कोप समझना चाहिए। ऐसा कोप, राजकोप के महत्व और पवित्रता का अधिकारी नहीं हो सकता। उसका सम्मान जनता अपने लिए आवश्यक नहीं समझ सकती।"

(ख) हमें भी कैद में समझो, बेटी हमारे गुनाहों ने हमें चारों तरफ से घेर रखा है। जमीर की जंजीरों ने भी हमारे हाथ-पैर बाँध लिए हैं। हम अब इस दुनिया को आँख उठाकर भी नहीं देख सकते। जिस सल्तनत को खून से सींच-सींचकर हमने इतना बड़ा किया है उसे अगर अब आँसुओं से भी सींचना चाहें तो हमें पूरी जिंदगी चाहिए। वह हमारे पास कहाँ है ?

अथवा

कहीं भी रहती .... कहीं भी जाती फिर भी मेरी आँखों में भारत नया नहीं लगता। इसकी चाल कभी रुकी नहीं, न यह कभी मरा न मिटा। एक साँस भी इसकी कब बंद हुई, बताएँगे ? इसने कितने देशों को जन्म लेते और मरते अपनी आँखों से देखा है। इसकी आयु की, इसकी संजीवनी की भी प्रतिष्ठा कीजिए।

(ग) महाकाव्य में विषय का विस्तार तो उपन्यास का-सा रहता है किन्तु महाकाव्य आदर्शोन्मुख अधिक होता है। उपन्यास और नाटक में यथार्थ की मात्रा अधिक रहती है। उपन्यास जीवन का पूरा चित्र देने का प्रयास करता है। यद्यपि उपन्यास में भी चुनाव रहता है, तदपि नाटक में चुनाव की कला अधिक परिलक्षित होती है।

अथवा

मेरे एक दोस्त ने मुझे बताया है कि जिनकी तोंदें इन 17 सालों में बढ़ी हैं, जिनके चेहरे सुर्ख हुए हैं, जिनके शरीर पर माँस आया है। जिनकी चार्बी बढ़ी है, उनके भोजन का एक प्रयोगशाला में विश्लेषण करने पर पता चला है कि वे अनाज नहीं खाते थे; चंदा, घूस, काला पैसा, दूसरे की मेहनत का पैसा या पराया धन खाते थे।

2. 'अंधेर नगरी' एक हास्य नाटक नहीं अपितु एक तीव्र व्यंग्य नाटक है। व्याख्या कीजिए। 12

अथवा

'बेईमानी की परत' निबंध का विवेचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

3. एकांकी के तत्वों के आधार पर 'एक दिन' एकांकी की विवेचना कीजिए। 12

अथवा

'मम्मी ठकुराइन' एकांकी के आधार पर स्त्री और बाल मनोविज्ञान पर अपने विचार रखिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(i) भारतेन्दु का नाट्य लेखन कौशल

(ii) 'स्ट्राइक' एकांकी की समसामयिकता

(iii) महादेवी वर्मा का गद्य में योगदान

(iv) नाट्य निर्देशन और हबीब तनवीर

(v) विद्यानिवास मिश्र और ललित निबंध

(vi) राहुल सांकृत्यायन का व्यक्तित्व और कृतित्व।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह अति लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(i) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म कब हुआ ?

(ii) 'सिंह सेनापति' किसका उपन्यास है ?

(iii) डॉ. रामकुमार वर्मा की एकांकी जो आपके पाठ्यक्रम में शामिल है, बताइए।

(iv) 'राजो की माँ' किस एकांकी की पात्र है ?

(v) 'गद्य रंग' के संपादक कौन हैं ?

(vi) बाबू गुलाब राय का कौन-सा निबंध आपके पाठ्यक्रम में शामिल है ?

(vii) 'आगरा बाजार' किसका नाटक है ?

(viii) 'वैष्णव की फिसलन' निबंध के लेखक कौन हैं ?

(ix) 'भारतीयता की खोज' किसका निबंध है ?

(x) 'अध्ययन और आस्वाद' निबंध संग्रह के लेखक कौन हैं ?

(xi) 'श्रीचंद' किस एकांकी का पात्र है ?

(xii) हिंदी की प्रथम एकांकी किसे माना जाता है ?

(xiii) 'चिंतामणि' निबंध संग्रह के लेखक का नाम बताइए।

(xiv) 'रेशमी टाई' के लेखक का नाम बताइए।

(xv) 'विचारप्रवाह' निबंध संग्रह के लेखक कौन हैं ?

(xvi) निबंध के विकासक्रम में तीसरे युग का नाम बताइए।

(xvii) 'सरस्वती' पत्रिका के सन् 1903 ई. में कौन संपादक थे ?

(xviii) 'नारद की वीणा' नाटक के लेखक कौन हैं ?